संख्या बी–1– 1977 /दस–2012

प्रेषक,

लहरी यादव,
वित्तीय सलाहकार (बजट) एवं
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

डा0 एस.बी.सिंह,
उप महानिदेशक,
राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र,
योजना भवन, लखनऊ ।

वित्त(आय–व्ययक) अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 11 सितम्बर, 2012

विषयः– वित्तीय वर्ष 2012–2013 के बजट की **P.D.F. File** को वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने के संबंध में ।

महोदय,

प्रदेश सरकार का वित्तीय वर्ष 2012–2013 के बजट की **P.D.F. File** को वेबसाइट (**Budget. up.nic.in**) पर **NIC**द्वारा अपलोड किया गया है। उक्त फाईल में कई त्रुटियाँ हैं उदाहरण के तौर पर अनुदान संख्या–42 में मुख्य लेखाशीर्ष–2014 का नाम पुनः उप मुख्य लेखाशीर्ष–00 के सामने प्रदर्शित हो रहा हैं जो कि त्रुटिपूर्ण है । कुछ स्थानों पर डिटेल हेड के पहले # पद्रर्शित हो रहा है जिससे अनावश्यक भ्रम उत्पन्न हो रहा है । इसके अतिरिक्त प्रावधानित धनराशियाँ सही लेखाशीर्षो के सामने प्रदर्शित नहीं हो रही हैं। यह स्थिति लगभग सभी अनुदानों में है। उक्त के अतिरिक्त वेबसाइट के होम पेज पर प्राप्तियों तथा व्यय से सम्बन्धित ग्राफ एवं अन्य सूचनाएं अपडेटेड नहीं है अर्थात उनमें वर्ष 2012–2013 से सम्बन्धित आंकड़े प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2012–2013 की **P.D.F. File** में उपरोक्त त्रुटियों का निराकरण करते हुये सही **P.D.F. File** (साहित्य फार्म) को उत्तर प्रदेश सरकार की बजट की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कराने एवं वेबसाइट के होम पेज पर प्रदर्शित ग्राफ्स एवं अन्य सूचनाओं को भी अपडेट कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(लहरी यादव)
वित्तीय सलाहकार (बजट) एवं
विशेष सचिव ।

संख्या 1026 दिनांक 11/9/2012

SSA(Amend Mishra)